मूल्य 1 रु.
वर्ष: 14 - अंक : 55, मुंबई, गुरुवार, 18 अप्रैल, 2024 ■ RNI.NO. MAHHIN/2010/34146 ■ संपादक: दिलशाद एस. खान

# दैनिक मुंबई हलचल ®
भारत सरकार द्वारा विज्ञापन हेतु मान्यता प्राप्त
अब हर सच होगा उजागर

॥शुभ लाभ॥
MIX MITHAI
मोतीचूर लड्डू
काजू कतली
काजू रोल
बदाम बर्फी
मलाई पेड़े
रसगुल्ले
Order Now 98208 99501
ONLINE SHOP : www.mmmithaiwala.com
MM MITHAIWALA
Malad (W), Tel. : 288 99 501.

DESI VILLAGE
RESTAURANT & CAFE
DUBAI

## मुंबई में पैसा देकर भी नहीं मिल रहे PAID-WORKERS

### तपती गर्मी का लोकसभा चुनाव प्रचार पर गहरा असर



**मुंबई हलचल/संवाददाता**

**मुंबई।** तपती धूप का असर लोकसभा चुनाव में अपना भाग्य आजमा रहे उम्मीदवारों पर पड़ता दिखाई पड़ रहा है, मुंबई में तापमान 40 डिग्री के पार चला गया है, ऐसे कार्यकर्ताओं को उम्मीदवारों के प्रचार के लिए रैलियों और सभाओं में गर्मी की मार दिखाई पड़ेगी, तपती धूप और लू के कारण कार्यकर्ताओं के अलावा भाड़े पर मिलने वाले पेड वर्कर कन्नी काटते दिखाई पड़ रहे हैं। (शेष पृष्ठ 3 पर)

#### कांग्रेस के पास कार्यकर्ताओं का अभाव

इसका सबसे ज्यादा खामियांजा महा विकासअघाड़ी की उम्मीदवारों को भुगतना पड़ेगा इनके पास जमीनी स्तर पर कार्य करने वाले कार्यकर्ताओं का अभाव है। तो वहीं पैसे की भी समस्या है। भारतीय जनता पार्टी की बात करें तो उनके पास बूथ लेवल पर हजारों के रूप में पदाधिकारी और कार्यकर्ता हैं। वहीं शिवसेना उद्धव बालासाहेब ठाकरे गुट का कहना है कि हमारे पास जमीनी स्तर के कार्यकर्ता है हम पेड वर्कर नहीं लाते हैं। हमारी रैली या सभा होगी उसे वक्त बड़ी संख्या में लोग दिखाई पड़ेंगे।

## उद्धव को मुंबई में नहीं मिलेगी एक भी सीट

### अमित ठाकरे ने किया बड़ा दावा

**मुंबई हलचल/संवाददाता**

**मुंबई।** मनसे प्रमुख राज ठाकरे के पुत्र व पार्टी नेता अमित ठाकरे ने दावा किया है कि मुंबई की छह संसदीय सीटों में से शिवसेना पक्षप्रमुख उद्धव ठाकरे और उनकी सहयोगी महाविकास आघाड़ी को एक भी सीट नहीं मिलेगी, क्योंकि माहौल उनके खिलाफ है। मनसे नेता लोकसभा चुनाव में महायुति उम्मीदवारों का प्रचार करेंगे। अमित ने कहा कि देश में फिर मोदी सरकार आएगी। (शेष पृष्ठ 3 पर)

## मुंबई के लिए मंगलवार पिछले 14 साल में अप्रैल का सबसे गर्म दिन रहा, पारा 39.7 डिग्री सेल्सियस पर

मुंबई में मंगलवार को अधिकतम तापमान 39.7 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया जो इस महानगर के लिए वर्ष 2009 के बाद से अप्रैल महीने का सर्वाधिक गर्म दिन है। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने बुधवार को यह जानकारी दी। आईएमडी के एक अधिकारी ने कहा कि 16 अप्रैल को सांताक्रूज स्थित वेधशाला (मुंबई के उपनगरों का प्रतिनिधि) ने अधिकतम तापमान 39.7 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया। कोलाबा वेधशाला (दक्षिण मुंबई का प्रतिनिधि) में पारा 35.2 डिग्री सेल्सियस पर पहुंच गया। मुंबई स्थित आईएमडी की वैज्ञानिक सुषमा नायर ने कहा, हमारी सांताक्रूज स्थित वेधशाला ने कल (मंगलवार) 39.7 डिग्री सेल्सियस तापमान दर्ज किया, जो पिछले 14 साल में अप्रैल महीने का सबसे अधिक तापमान था।

## पीएम मोदी की जीत की गारंटी नहीं, जनता को कैसी गारंटी दे रहे हैं?

## संजय राउत का बड़ा सवाल



**मुंबई हलचल/संवाददाता**

**मुंबई।** शिवसेना उद्धव गुट के सांसद व प्रवक्ता संजय राऊत ने पीएम नरेंद्र मोदी को लेकर बड़ा बयान दिया। मोदी की गारंटी पर सवाल उठाते हुए राऊत ने कहा कि लोकसभा चुनाव में मोदी खुद जीतेंगे या नहीं इस बात की कोई गारंटी नहीं है, इसलिए वह जनता को किस बात की गारंटी दे रहे हैं? उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि जीत इंडिया गठबंधन की ही होगी। महाविकास आघाड़ी (मविआ) के उम्मीदवारों के प्रचार के लिए नागपुर पहुंचे राऊत ने कहा कि पहले चरण में शिवसेना (उद्धव गुट) से कोई उम्मीदवार नहीं है, लेकिन मविआ के उम्मीदवार हैं। उप मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस पर तंज कसते हुए उन्होंने कहा कि फडणवीस 45+ का दावा कर रहे हैं, लेकिन कोई कुछ भी कहे, कितने भी सर्वे आएं, हम उनसे सहमत नहीं हैं। (शेष पृष्ठ 3 पर)

### SALMAN KHAN FIRING CASE



## हरियाणा से एक संदिग्ध को हिरासत में लिया

**मुंबई हलचल/संवाददाता**

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता सलमान खान के आवास के बाहर गोलीबारी के मामले में हरियाणा से एक व्यक्ति को हिरासत में लिया गया है। पुलिस ने बुधवार को यह जानकारी दी। इस संबंध में एक अधिकारी ने बताया कि संदिग्ध का संबंध गिरफ्तार किए गए दो आरोपियों में से एक से है और वे घटना से पहले तथा बाद में लगातार संपर्क में थे। (शेष पृष्ठ 3 पर)

दैनिक मुंबई हलचल
अब हर सच होगा उजागर

## हमारी बात

### संवेदनशील मुद्दों को चुनाव से दूर रखें

राज्य और राजनीति का संबंध चोली दामन का है। लेकिन राजनीति का अस्तित्व राज्य के पहले से है। जब राज्य की उत्पत्ति नहीं हुई थी तब भी राजनीति थी। आज भी राज्य से इतर हर जगह राजनीति मौजूद है। परिवारों में राजनीति होती है, काम करने की जगहों पर होती है, खेल के मैदान में होती है आदि आदि। कहने का मतलब यह है कि कोई भी जगह ऐसी नहीं है, जहां राजनीति नहीं है। इसके बावजूद कुछ चीजें ऐसी होती हैं, जिनकी संवेदनशीलता को ध्यान में रखते हुए उन्हें राजनीति से दूर रखना चाहिए। अगर उनको राजनीति में शामिल किया गया तो उससे किसी का भला नहीं होगा, उलटे देश की सामाजिक व आर्थिक संरचना बहुत बुरी तरह से प्रभावित होगी। ऐसी चीजों में खान-पान शामिल है, पहनावा और भाषा-बोली का मुद्दा शामिल है। धर्म और जाति को इसमें इसलिए नहीं जोड़ते हैं क्योंकि ये दोनों भारत की समाज व्यवस्था के आधार स्तंभ हैं। वैयक्तिकता से ज्यादा इसमें सामाजिकता का अंश है इसलिए इनको राजनीति से अलग नहीं रख सकते। दशकों पहले प्रोफेसर रजनी कोठारी ने जाति को लेकर कहा था कि यह भारतीय समाज का सबसे महत्वपूर्ण स्तंभ है इसलिए यह सोचना गलत होगा कि राजनीति बिना जाति के हो। यह एक काल्पनिक स्थिति होगी। बहरहाल, खान-पान और पहनावा नितांत वैयक्तिक मामला है, जिसे राजनीति में नहीं घसीटना चाहिए और इसी तरह भाषा का मामला भी बेहद संवेदनशील है, जिस पर राजनीति नहीं करनी चाहिए। जाति से ज्यादा भाषा बड़े समूहों की अस्मिता से जुड़ी है। वह क्षेत्र विशेष की न सिर्फ संस्कृति का प्रतिनिधित्व करती है, बल्कि नागरिक समूहों की पहचान का भी प्रतिनिधित्व करती है। तभी कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने तमिलनाडु की रैली में भाजपा पर हमला करने के लिए भाषा का मुद्दा उठा कर अच्छा नहीं किया। उनका निशाना भाजपा पर था लेकिन यह कह कर उन्होंने तमिल लोगों की दुखती रग पर हाथ रखा कि भाजपा एक देश, एक भाषा लाना चाहती है। इसमें संदेह नहीं है कि भाजपा हिंदी को प्रोत्साहित कर रही है लेकिन वह तमिलनाडु में या कर्नाटक और आंध्र प्रदेश में हिंदी नहीं थोप रही है। भाषा को राजनीति का मुद्दा बनाने का काम कर्नाटक में कांग्रेस की सरकार भी कर रही है। चुनाव से ऐन पहले राज्य सरकार ने 60 फीसदी साइन बोर्ड कन्नड़ भाषा में लिखने का नियम बनाया। कुछ समय पहले भी भाषा का विवाद हआ था, जब कई जगह हिंदी में लिखे गए नामों पर कालिख पोती गई थी। भाषा का विवाद अंततः विभाजन की ओर ले जाता है। ध्यान रहे भारत में राज्यों का पुनर्गठन भाषायी आधार पर हुआ था और आज तक इसका विवाद नहीं सुलझा है। कर्नाटक के एक हिस्से के लिए महाराष्ट्र के लोग लड़ रहे हैं तो महाराष्ट्र की राजधानी मुंबई को लेकर गुजरात के लोगों के दिलों में कसक बनी हुई है। कई राज्यों में इस तरह के विवाद चल रहे हैं। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी भाषा बेहद संवेदनशील मुद्दा है। आखिर रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने यूक्रेन के उस पूर्वी हिस्से को निशाना बनाया, जहां रूसी बोलने वालों की आबादी ज्यादा थी।

### कांदिवली चारकोप में गुजराती बिल्डर विपुल दोशी और नितिन गावकर ने एक मराठी व्यक्ति घाडगे ट्रॅव्हल्स के मालिक हरिश्चंद्र घाडगे और प्रतिभा घाडगे को

# ऑफिस की जगह हड़पने के लिये दी धमकी

**मुंबई हलचल/रमाकांत मुंडे**

पैसे से सत्ता... और सत्ता से पैसा.. वर्तमान राजनीति का समीकरण है.... चारकोप कांदिवली में एक प्रमुख मराठी व्यापारि परिवार 'घाडगे ट्रेवल्स' के मालिक है। उन्होंने अपने जीवन भर की पूंजी खर्च करके 'संध्या होराइजन' नामक संस्था में एक ऑफिस गाला खरीदा, उक्त संस्था का पुनर्विकास प्रोजेक्ट पूर्व नगरसेविका श्रीमती संध्या दोशी, उनके पति गुजराती बिल्डर श्री विपुल दोशी की कंपनी 'संध्या क्षितिज कंस्ट्रक्शन' और श्री नितीन गावकरद्वारा पूरा किया गया। सभी कानूनी कार्यवाही पूरी होने के बाद, उक्त परियोजना को बृहन्मुंबई नगर निगम और म्हाडा ओ.सी. द्वारा अनुमोदित किया गया था। (कब्जे का प्रमाण पत्र) प्राप्त हो चुका है, हरिश्चंद्र घाडगे परिवार द्वारा विक्रय अनुबंध के अनुसार संपूर्ण राशि विकास हेतु सौंप दी गई है, यद्यपि उक्त ऑफिस गाला का विकास कार्य (आवंटन पत्र) भी घाडगे परिवार को सौंप दिया गया है , बँक ऑफ बडोदा का पिछले डेड साल से इ एम आय भर रहे है घाडगे..





उनके ऑफिस गाले का पझेशन देने के बाद वापीस ताबा लेने की धमकिया दे रहे है। पाणी और विद्युत कटोती की है। उनके साथ बिल्डर नितीन गावकर की पत्नी विद्या गावकर सोसायटी की चेअरमन है उसके पद का गैरुपयोग कर रहे है। ये सब क्यू और किसके लिए कर रहे है?किसके दबाव से? क्षेत्र में नगरसेवक के रूप में पन्द्रह वर्ष... चारकोप क्षेत्र में चारकोप वासियों के लिए क्या विकास देखा है? उन्होंने केवल मराठी लोगों के नाम पर विचारों का राजनीतिकरण करके मराठी लोगों का गला घोंटना शुरू कर दिया है। आज घाडगे परिवार बड़े साहस के साथ आगे आकर अपने अनुभव समाज के सामने रख रहा है और गाडगंज संपत्ति के खिलाफ मजबूती से लड़ रहा है।

'जहां अन्याय दिखे वहां लात मारनी चाहिए, आदेश की प्रतीक्षा न करें' हमारा आदर्श वाक्य है। राज ठाकरे साहब की नीति का सम्मान करते हुए मुझे घाडगे परिवार की लड़ाई पर भरोसा है और मेरी पार्टी 'महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना' हमेशा उनके साथ रहेगी, सभी चारकोप निवासियों और मेरी पार्टी के पदाधिकारियों और महाराष्ट्र सैनिकों से विनम्र अनुरोध, हम सभी का समर्थन अमूल्य है यह लड़ाई सफल हो।

# होटल की कारपोरेट सुविधा में बीमे का भी लाभ अब लीजिए

## एमड़ी मेहताब सिद्दीकी ने बीमा घर से किया करार

**मुंबई हलचल/संवाददाता**

**बरेली।** पाँच सितारा होटल रेडिसन ने रामनवमी के पर्व पर अपने ग्राहकों को डिस्काउंट कार्ड की निशुल्क सुविधा प्रदान की है। बीमा घर के सीईओ अनुज अग्रवाल द्वारा जारी इस निःशुल्क कॉपोर्रेट डिस्काउंट कार्ड को अपने ग्राहक, परिवार और दोस्तों को वितरित किया जाएगा। बीमा घर में भी पुरजोर ढंग से जागरुकता अभियान संचालित है। ल्लताकि लोग अपने जीवन बीमा, स्वास्थ्य बीमा को नए नजरिए से देख उसके प्रति गम्भीरता दिखा सकें। उन्होंने बताया कि बीमा घर पर निशुल्क पोर्टफोलियो सुविधा भी उपलब्ध है। होटल एमडी मेंहताब सिद्दीकी की उपस्थिति के बीच बीमा घर सीईओ अनुज अग्रवाल ने संयुक्त रूप से बुधवार को इस सुविधा का होटल परिसर में श्री गणेश किया। कॉरपोरेट डिस्काउंट कार्ड लांच के मौके पर होटल एमडी मेंहताब सिद्दीकी ने




बताया कि इस कार्ड के द्वारा लोगो को होटल रेडिसन बरेली, रेडिसन मुंबई व हयात प्लेस पुणे, हिंजेवाड़ी में 15 प्रतिशत की छूट रूम बुकिंग एवम फूड, बेवरेज पर मिलेगी। आरएमएस ग्रुप के होटल रेडिसन द्वारा बीमा घर के साथ करार कर लोगों को इंश्योरेंस के प्रति जागरुकता बढ़ाने का जनहित में एक सराहनीय कदम उठाया गया है ।बता दें कि कार्ड की वैलिडिटी 31 मार्च 25 तक मान्य रहेगी। कॉर्ड हासिल करने को होटल रेडिसन या फिर बीमा घर कार्यालय से सम्पर्क किया जा सकता है। वहीं बीमा घर सीईओ अनुज अग्रवाल ने कहा कि इस सुविधा का उद्देश्य फाइव स्टार होटल रेडिसन द्वारा लोगो को रेस्टोरेंट में बेहतर फूड, बेवरीज की उपलब्धता कराना है। इस दौरान जीएम हर्षित उप्पल ने बताया इस कार्ड को लॉन्च करने का उद्देश्य रेडिसन की उत्कृष्ट सेवाओं व सुविधाओं को बरेली वासियों सहित नआसपास के जिलों के बड़ी संख्या में विभिन्न मल्टीनेशनल कंपनियों में कार्यरत लोगों व उनके परिवार को देश की आर्थिक राजधानी मुंबई, पुणे जानें पर कॉरपोरेट डिसकाउंट कार्ड का लाभ मिल सकेगा।

मालिक,मुद्रक,प्रकाशक–**दिलशाद एस खान** द्वारा एस आर प्रिंटिंग प्रेस,मोहन अर्जुन कंपाउंड, वैशाली नगर दहिसर (पूर्व),मुंबई–68 से मुद्रित व मुंबई हलचल,साईं मंगल को ऑ हॉ सो बी–2–301,इस्माइल बाग नियर मालाड शॉपिंग सेंटर, एस वी रोड,मालाड (प ) मुंबई से प्रकाशित RNI NO MAHHIN/2010/34146, फोन:**9619102478 /9821238815**
email: mumbaihalchal@gmail com संपादक: **दिलशाद एस खान,** समाचार पत्र में छपे किसी भी समाचार से संपादक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है। किसी भी विवाद का निपटारा न्याय क्षेत्र मुंबई होगा।

# बोइसर शहर के सनशाइन होटल में छापेमारी के दौरान देह व्यापार का भांडाफोड़

## होटल मालिक सहित कई पर पीटा अंतर्गत मामला दर्ज

**मुंबई हलचल/संवाददाता**

**पालघर।** बोईसर शहर में देह व्यापार का धंधा बहोत तेजी से फैलता हुवा नजर आ रहा है जिसमे शहर के कई बड़े होटलों के नाम भी शामिल है जहा पर कॉल गर्ल का नंबर कस्टमर को दे कर होटल बुक करने कहा जाता है जिसके बाद लड़किया आती है और होटल को कमरों में होता है गंदा काम। कल शाम आईसीबी की टीम द्वारा बोईसर शहर के सनशाइन होटल में नकली ग्राहक भेज कर देह व्यापार का परदा फाश किया गया जिसमे 3 महिलाओं को छुड़ाया गया और होटल मालिक, होटल मैनेजर, स्टाफ के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा 370,34 और पीटा अधिनियम 3,4,5,7 के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है। आप को बता दे के होटल के आईसीबी की टीम को एक गुप्त सूचना मिली के सनशाइन होटल के बाहर दलाल के माध्यम से कॉल गर्ल्स का नंबर मिलता है जिसके बाद कॉल करने पे उन्हें कहा जाता है के आप ये होटल बुक करो होटल का नाम बताने के बाद होटल का कमरा बुक किया जाता है जिसमे महिला का आधार कार्ड पहले से ही होटल में रहता है लड़के का आधार कार्ड ले कर होटल में एक कमरा 1 या 2 घंटो के लिए दे दिया जाता है जिसके बाद वह कॉल गर्ल्स आती है और फिर कमरों में गंदा काम शुरू हो जाता है जिसमे होटल के मालिकों और दलालों की मिली भगत होती है यह गोरख धंधा होटल मालिक और उनके दलालों द्वारा चलाया जा रहा है जिसमे मासूम जरुरत मंद महिलाओं का शिकार किया जा रहा है चंद पैसों के लालच में आकर वह यह सब करने को मजबूर है और यह लोग इनके जिस्म को बेच कर कमाई कर रहे है। जानकारी मिलते ही एलसीबी की टीम अनिल विभूते, प्रभारी अधिकारी स्थानिक गुन्हा शाखा बोईसर, पल्लवी कोल्हे, पूजा सुतार, पुलिस उप निरक्षक सुनील नलावडे, कैलाश पाटिल, नरेंद्र पाटिल, दीपक राऊत, दिनेश गायकवाड, ने सनसाइन होटल में फर्जी ग्राहक भेज कर छापा मार कर कार्यवाई की जिसमे 3 आरोपी 1) सुभाष जनदीन 2) नवीन कुमार अच्युत अमीन, 3) सनशाइन होटल मालिक के खिलाफ मामला दर्ज कर आगे की कार्यवाई की जा रही है।




**बोईसर में देह व्यापार का तेजी से फैल रहा जाल, कई होटलों में किया जा रहा गंदा काम!**

# पालघर जिले में बढ़ते धूप ने लिया 16 वर्षीय स्कूली छात्र की जान

**मुंबई हलचल/संवाददाता**

**पालघर।** पालघर जिले में पिछले कुछ दिनों से सूरज तप रहा है जिले में गर्मी का तापमान बढ़ने से नागरिक बेहाल हैं। ऐसे में इस साल हीट स्ट्रोक के पहले शिकार की चौंकाने वाली घटना सामने आई है। विक्रमगढ़ तालुक के केव गांव के वेगेपाड़ा में 16 वर्षीय छात्र अश्विनी विनोद रावटते की लू लगने से मौत हो गई। कॉलेज से 11वीं का पेपर देकर अश्विनी दोपहर को घर पहुंची घर पर कोई नहीं होने के कारण वह अपने माता-पिता को ढूंढने के लिए खेत पर जाने के



लिए निकल गई। इसी बीच अश्विनी को चक्कर आ गया और वह खेत में बेहोश होकर गिर पड़ा। चूँकि अश्विनी का खेत उसके पैतृक गाँव से कुछ दूरी पर था, इसलिए उसका शव 2 घंटे तक धूप में पड़ा रहा जब माता-पिता घर आए तो उन्होंने अवश्विनी का बैग देखा लेकिन अश्विनी घर पर नहीं थी। जब उसके माता-पिता खेत की ओर गए तो उन्होंने अश्विनी को खेत में बेहोश पाया इस बार उसे इलाज के लिए तुरंत मनोर अस्पताल में भर्ती कराया गया लेकिन डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया।

# भाजपा का फर्जी लेटर हेड बना कर फर्जी उम्मीदवार की घोषणा करने वाले पर पुलिस ने किया एफआईआर दर्ज

**मुंबई हलचल/संवाददाता**

**पालघर।** महाराष्ट्र में पालघर लोकसभा क्षेत्र के लिए 'उम्मीदवार' की घोषणा करते हुए भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के लेटरहेड का दुरुपयोग करने फर्जीवाड़ा करने के आरोप में मुंबई पुलिस ने अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। एक अधिकारी ने मंगलवार को यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि 'फर्जी लेटरहेड' व्हाट्सऐप पर प्रसारित किया गया था जिसमें निकटवर्ती पालघर निर्वाचन क्षेत्र से भाजपा के 'उम्मीदवार' की घोषणा की गई थी।इस मामले में एक स्थानीय भाजपा पदाधिकारी की शिकायत पर भारतीय दंड संहिता की संबंधित धाराओं के तहत दक्षिण मुंबई के मरीन ड्राइव पुलिस थाने में मामला दर्ज किया गया। बीजेपी की ओर से शिकायत दी गयी है कि पालघर से लोकसभा चुनाव में पालघर से बीजेपी से उम्मीदवार का नाम लिख, फर्जी बीजेपी के दस्तावेज बनाया गया और इस 'फर्जी' लेटरहेड को व्हाट्सऐप सहित अन्य सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर प्रसारित किया गया था जिसमें पालघर लोकसभा चुनाव क्षेत्र से भाजपा के 'उम्मीदवार' की घोषणा की गई थी। इस मामले में एक स्थानीय बीजेपी पदाधिकारी की शिकायत के आधार पर मुंबई की मरीन ड्राइव पुलिस ने अज्ञात शख्स के खिलाफ आईपीसी की विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर आगे की जांच में जुट गई।

## (पृष्ठ 1 का समाचार)

### मुंबई में पैसा देकर भी नहीं मिल रहे पेड वर्कर

सभी पार्टियों द्वारा रैलियों और सभाओं में प्रचार में शामिल करा के भीड़ दिखाने के लिये किराए पर भी आदमियों को लाया जाता था। जिसके लिए उन्हें 200 से 300 रुपए का मानधन, वडापाव और एक पानी का बोतल दिया जाता था, लेकिन इस प्रचार में पेड वर्कर कम रेट पर आने को तैयार नही है। जिससे पार्टियों की मुश्किल बढ़ गई है। इस बार बढ़ती तपन के कारण लोग अभी से ही कतराने लगे हैं। सभाओं और रैलीयों में आदमी भेजने वाले भी इस बार चिंतित दिखाई पड़ रहे हैं, वहीं रैलियों में शामिल होने वाले पेड वर्कर का कहना है कि इस बार इतनी ज्यादा गर्मी है कि हम इतने रुपए में नहीं जाएंगे। हमें तकरीबन 500 के ऊपर अगर मिलेगा तो हम सोचेंगे, वह भी ज्यादा गर्मी रहेगी तो हम धूप में नहीं निकलेंगे।

### उद्धव को मुंबई में नहीं मिलेगी एक भी सीट

एनडीए गठबंधन को 300 से ज्यादा सीटें मिलेंगी। उन्होंने कहा कि राज ठाकरे ने पीएम मोदी को बिना शर्त समर्थन देने का फैसला सोच समझकर ही लिया होगा। पार्टी से इस्तीफा देने वाले वसंत मोरे पर निशाना साधते हुए अमित ने कहा कि शायद वे प्रधानमंत्री बनना चाहते हैं। उन्हें सोशल मीडिया की लत लग गई है। उन्हें राज ठाकरे के आदेश का पालन करना चाहिए था। लोकसभा चुनाव में महायुति के खिलाफ प्रचार करने वाले मनसे पदाधिकारियों पर कार्रवाई होगी। अमित ने बताया कि भाजपा, शिवसेना और एनसीपी के लिए प्रचार मनसे नेताओं को जिम्मेदारी दी गई है। इसके लिए मनसे नेताओं के नाम की सूची महायुति को दे दी गई है। ठाकरे गुट के उम्मीदवार अमोल कीर्तीकर का खिचड़ी घोटाला सामने आया है। महाविकास आघाड़ी की बुरी तरह हार होगी।

### संजय राऊत का बड़ा सवाल

फडणवीस को आंकड़ा लगाने की आदत है। चुनाव के बाद उन्हें आंकड़ों (एक तरह के जुए) के धंधे में उतरना होगा। अमरावती की सांसद व बीजेपी की लोकसभा की उम्मीदवार नवनीत राणा के एक कथित बयान का समर्थन करते हुए उन्होंने कहा कि नवनीत ने सही कहा है। देश में कोई मोदी लहर नहीं है महाराष्ट्र में हमें सौ फीसदी सफलता मिलेगी। राऊत ने विश्वास व्यक्त किया कि परिवर्तन की शुरूआत विदर्भ से होती है। महाराष्ट्र में मविआको 35 और देश में इंडिया गठबंधन को 305 सीटें मिलेगी। राऊत ने कहा कि मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे का राम प्रेम फर्जी है। वह किसी लड़ाई या संघर्ष में नहीं थे और प्रभु श्री राम कायरों के पीछे नहीं रहते। शिंदे को रामटेक में अपना उम्मीदवार बदलना पड़ा। वह अपने मौजूदा सांसद को टिकट नहीं दिला पाए। जबकि व्यापारी देश चला रहे हैं और अजित पवार उनके एजेंट हैं। सांगली लोकसभा क्षेत्र में महाविकास आघाड़ी में शामिल शिवसेना (उद्धव गुट) से चंद्रहार पाटिल को उम्मीदवारी दी गई है, जिनके विरोध में कांग्रेस के विशाल पाटिल ने निर्दलीय उम्मीदवारी दाखिल कर दी। इस पर प्रतिक्रिया देते हुए राऊत ने बगावत करने वालों को पार्टी से निकालने की मांग की है।

### हरियाणा से एक संदिग्ध को हिरासत में लिया

उन्होंने कहा कि हिरासत में लिए गए व्यक्ति पर जेल में बंद गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई के छोटे भाई अनमोल बिश्नोई से निर्देश लेने का संदेह है। अधिकारी ने कहा कि रविवार को यहां बांद्रा इलाके में खान के आवास पर गोलीबारी करने के आरोप में गिरफ्तार सागर पाल और विक्की गुप्ता हिरासत में लिए गए संदिग्ध को अपनी गतिविधियों के बारे में विस्तृत जानकारी दे रहे थे तथा फोन इंटरनेट के माध्यम से किया गया था। उन्होंने कहा कि घटना के बाद पाल और गुप्ता मुंबई से भागकर भुज की ओर चले गए तथा सूरत के पास उन्होंने उस मोबाइल फोन का सिम कार्ड बदल दिया जिसका उपयोग वे बातचीत के लिए कर रहे थे। अधिकारियों के अनुसार, तकनीकी निगरानी के दौरान संज्ञान में आया कि पुलिस को भ्रमित करने के लिए वे बार-बार मोबाइल फोन बंद कर देते थे। लेकिन जिस नंबर पर उन्होंने फोन किया वह हमेशा एक ही था। अधिकारी ने कहा कि संदिग्ध को हरियाणा में पकड़े जाने के बाद मुंबई लाया गया। उन्होंने कहा कि उससे पूछताछ की जा रही है लेकिन मामले में उसे अभी गिरफ्तार नहीं किया गया है। पुलिस ने पूर्व में दावा किया था कि पाल और गुप्ता को सलमान के आवास पर गोलीबारी करने के लिए लगभग एक लाख रुपये दिए गए थे तथा काम पूरा होने के बाद और अधिक पैसे देने का वादा किया गया था।

# यूएई में कुदरत का कहर... एक दिन में साल भर की बारिश, बाढ़ में डूबा दुबई, समंदर बना रनवे

**यूएई समेत अन्य मुस्लिम खाड़ी देशों में प्राकृतिक आपदा से 63 की मौत**




मुंबई हलचल / अबूधाबी

दुबई के रेगिस्तानी शहर में बारिश ने पिछले 24 घंटों में जमकर कुदरती उत्पात मचाया है। शहर के मॉल से लेकर मेट्रो तक हर जगह पानी ही पानी की तस्वीरें वायरल हैं। इतनी बारिश की दो साल में भी इतना पानी नहीं बरसता।

मौसम विज्ञान केंद्र के मुताबिक पिछले 75 सालों में पहली बार ऐसी बारिश देखी गई है। जो 1949 में डेटा संग्रह की शुरुआत के बाद से दर्ज की गई सबसे अधिक वर्षा है। बारिश के रहते शहर के अहम राजमार्गों पर पानी भर गया है और अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर उड़ानें रद्द हो गई हैं। घरों में पानी भर गया है और हर कोई इस आफत से परेशान है।

- 24 घंटे में 142 मिमी से अधिक बारिश ने बनाए बाढ़ जैसे हालात
- दुबई के रिकॉर्ड में 75 साल में पहली बार हुई इतनी बारिश
- दुबई में एयरपोर्ट-मेट्रो पानी में डूबे, उड़ानें रद्द, मेट्रो बंद
- बारिश में डूबे शहर के सभी राजमार्ग, आवागमन बंद
- रेगिस्तान में आ गया सैलाब, आज भी बारिश की संभावना
- दुबई का हर शहरी इस बारिश की आफत से परेशान




### यूएई के अलावा कई मुस्लिम देश भी बारिश से बर्बाद

*बहरीन, ओमान, कतर और सऊदी अरब में भी बारिश हुई। हालांकि पूरे संयुक्त अरब अमीरात में तेज बारिश देखी गई। इस बारिश से सिर्फ यूएई ही नहीं बल्कि एक और पड़ोसी मुस्लिम देश में भी तबाही छाई हुई है। इस मुस्लिम देश में भारी बारिश से अब तक 63 लोगों की मौत हो चुकी है। पाकिस्तान में बिजली गिरने और भारी बारिश की वजह से 14 लोगों की मौत हो गई।*

### मूसलाधार बारिश के साथ खूब गिरे ओले

*यूएई की राजधानी अबू धाबी के अलावा दुबई और अल ऐन जैसे विभिन्न शहरों में बिजली की चमक और गरज के साथ तेज बारिश से रेगिस्तानी जमीन में भी बाढ़ जैसे हालात बने हुए हैं। मौसम विभाग के मुताबिक, यहां बुधवार तक और भी बारिश होने का अनुमान है। राष्ट्रीय मौसम विज्ञान केंद्र ने बताया कि मौसम अस्थिर रहेगा और आसमान में आंशिक रूप से बादल छाए रहेंगे।*



### क्या हो सकती है इतनी बारिश की वजह?

*कुछ वैज्ञानिक क्लाइमेट चेंज को इसका कारण मान रहे हैं। एक वजह आर्टिफिशियल बारिश को भी माना जा रहा है। यूएई में सूखे से निपटने के लिए आर्टिफिशल बारिश के कई प्रयास किए गए थे। यूएई में गर्मी के रहते पारा 50 डिग्री तक पहुँच जाता है और पानी की भयंकर कमी होती है। माना जा रहा है कि 'क्लाउड सीडिंग' भारी बारिश का कारण बनी क्योंकि सरकार ने कृत्रिम बारिश के प्रयास के तहत छोटे विमान तैनात किए थे। बारिश से पहले छह या सात 'क्लाउड सीडिंग' उड़ानें भरी गई थीं।*

## एयरक्राफ्ट्स का ऑर्डर बना मिसाल, वर्ल्ड ऑफ स्टेटिस्टिक्स ने जारी की सूची

# अमेरिका भी हमसे पीछे... दुनिया में टॉप-2 पर रहीं भारतीय कंपनियां, 500 इंडिगो का ऑर्डर

मुंबई हलचल / नई दिल्ली


चाहे दुनिया में सबसे अधिक वैल्यूएशन वाली कंपनियों की बात हो या सबसे इनोवेटिव कंपनियों की बात हो, अमेरिका टॉप पर बना रहता है। दुनिया की सबसे बड़ी कंपनियों में से अधिकतर अमेरिका की हैं। लेकिन वर्ल्ड ऑफ स्टेटिस्टिक्स ने एक ऐसी लिस्ट जारी की है, जिसमें पहले और दूसरे स्थान पर भारत की कंपनियां हैं। यह लिस्ट साल 2023 में सबसे ज्यादा कमर्शियल एयरक्राफ्ट ऑर्डर करने वाली कंपनियों की है। साल 2023 में भारतीय एयरलाइन्स ने बड़ी संख्या में कमर्शियल एयरक्राफ्ट के ऑर्डर दिए थे।

> *साल 2023 में दुनिया में सबसे अधिक कमर्शियल एयरक्राफ्ट्स का ऑर्डर इंडिगो ने दिया था। इसने 500 एयरक्राफ्ट्स का ऑर्डर दिया था। 470 एयरक्राफ्ट्स के साथ एयर इंडिया दूसरे स्थान पर रही।*

### खास बातें

- भारत के आसमान में बढ़ते कदम, आसमान में बड़ी भारत की ताकत
- दुनिया की सबसे बड़ी कंपनियों में से अधिकतर पर अमेरिका टॉप पर रहता था
- 2023 में एयरलाइन्स ने बड़ी संख्या में एयरक्राफ्ट के दिए थे ऑर्डर

### चौथे स्थान पर दुबई की अमीरात्स 5वें स्थान पर 150 के साथ



### तीसरे स्थान पर रही यूएस की साउथवेस्ट एयरलाइन्स

इस लिस्ट में तीसरे स्थान पर अमेरिका की साउथवेस्ट एयरलाइन्स रही है। इसने 156 एयरक्राफ्ट्स का ऑर्डर दिया था। इस तरह यह ऑर्डर इंडिगो और एयर इंडिया द्वारा दिए गए ऑर्डर की तुलना में काफी छोटा है। चौथे स्थान पर दुबई की अमीरात्स रही, जिसने 156 कमर्शियल एयरक्राफ्ट्स का ऑर्डर दिया था। पांचवें स्थान पर 150 एयरक्राफ्ट्स के साथ आयरलैंड की रेयान एआईआर रही, जिसने 150 एयरक्राफ्ट्स का ऑर्डर दिया था।

### आठवें स्थान पर कतर एयरवेज

लिस्ट में छठे स्थान पर अमेरिका की यूनाइटेड एयरलाइन्स रही, जिसने 2023 में 110 कमर्शियल एयरक्राफ्ट्स का ऑर्डर दिया था। सातवें स्थान पर हंगरी की विज एआईआर रही, जिसने 75 एयरक्राफ्ट्स का ऑर्डर दिया था। आठवें स्थान पर 73 एयरक्राफ्ट्स के ऑर्डर के साथ कतर एयरवेज रही। इसके बाद नौवें पर सन एक्सप्रेस (45), दसवें पर एवलोन रही।

### इंडिगो ने ऑर्डर किए सबसे ज्यादा कमर्शियल एयरक्राफ्ट

*साल 2023 में दुनिया में सबसे ज्यादा कमर्शियल एयरक्राफ्ट के ऑर्डर इंडिगो द्वारा दिए गए थे। गुरुग्राम मुख्यालय वाली इस एयरलाइन ने 500 कमर्शियल एयरक्राफ्ट्स का ऑर्डर दिया था। इसके बाद इस लिस्ट में दूसरे नंबर पर भी भारतीय एयरलाइन ही रही। टाटा ग्रुप के स्वामित्व वाली एयर इंडिया ने साल 2023 में 470 कमर्शियल एयरक्राफ्ट्स का ऑर्डर दिया था।*

# पेरिस ओलंपिक की 100 दिनों की उलटी गिनती शुरू, खेलों की विरासत बनाए रखने पर जोर

मुंबई हलचल / नई दिल्ली

पेरिस ओलंपिक के शुरू होने में 100 दिन बचे हैं और इसके आयोजक इन खेलों के जरिए ऐसी विरासत तैयार करना चाहते हैं जिससे ओलंपिक के लिए बनाई गई सुविधाओं का इस्तेमाल लंबे समय तक स्थानीय बच्चे और युवा कर सकें।

फ्रांस की राजधानी में एक सदी से अधिक समय के बाद हो रहे ओलंपिक खेलों का मूल्यांकन केवल इसके व्यापक होने के आधार पर नहीं किया जाएगा। एक और पैमाना पेरिस के आसपास के शहरों पर इसका सकारात्मक प्रभाव होगा। इस ओलंपिक के मेजबान के मुताबिक ये खेल सामाजिक रूप से सकारात्मक होने के साथ ही कम प्रदूषणकारी और कम बर्बादी वाले होंगे।




### सेनी-सेंट डेनिस में ओलंपिक गांव का निर्माण

*फ्रांस के सबसे पिछड़े इलाकों में से एक 'सेनी-सेंट डेनिस' क्षेत्र को इस ओलंपिक से काफी उम्मीदें हैं। प्रवासियों से भरे इस क्षेत्र के लोगों को नस्लीय भेदभाव और अन्य तरह की रुकावटों का सामना करना पड़ता है। इसी क्षेत्र में ओलंपिक गांव का निर्माण हुआ है जिसमें 10,500 से ज्यादा ओलंपिक और 4,400 से ज्यादा पैरालंपिक खिलाड़ी रहेंगे। यह स्थान ट्रैक एवं फील्ड स्पर्धा के साथ रग्बी और समापन समारोह की मेजबानी करेगा।*

### लंबे समय तक मिले फायदा


आयोजन समिति की विरासत निदेशक मैरी बार्साक ने एक साक्षात्कार में कहा, 'हम वास्तव में उस तरह की सुविधाओं का निर्माण नहीं करना चाहते थे जिनकी भविष्य में जरूरत नहीं होगी।' सेवरान के मेयर स्टीफन ब्लैंचेट ने कहा, 'इन ओलंपिक खेलों की महत्वाकांक्षा यह है कि इससे लंबे समय तक सभी को फायदा हो सके।'

### कम खर्च में होगा आयोजन

एक आकलन के मुताबिक पेरिस खेलों का खर्च पिछले तीन ओलंपिक मेजबानों (2020-टोक्यो, 2016- रियो और 2012-लंदन) से कम होगा। इसके साथ ही आयोजक लगभग आधी रकम को प्रायोजकों, टिकट और गैर-सार्वजनिक वित्तपोषण से हासिल कर लेंगे जिससे देश के करदाताओं पर कम बोझ पड़ेगा।

### अमेरिका और चीन रहेंगे शीर्ष पर

*अमेरिका और चीन के स्वर्ण पदक और कुल पदकों की संख्या के मामले में 100 दिन में शुरू हो रहे पेरिस ओलंपिक में शीर्ष दो में रहने की उम्मीद है। अमेरिका के 39 स्वर्ण सहित कुल 123 पदक जीतने का अनुमान है। चीन के 35 स्वर्ण सहित 89 पदक जीतने की संभावना है। तीन साल पहले महामारी के कारण विलंब से हुए टोक्यो ओलंपिक में भी ये दोनों देश स्वर्ण पदक और कुल पदक के मामले में शीर्ष दो में रहे थे। यह पूर्वानुमान नीलसन के ग्रेसनोट स्पोर्ट्स द्वारा लगाया गया है जो दुनिया भर की खेल लीग के लिए सांख्यिकीय विश्लेषण प्रदान करता है। मेजबान देश की पदकों की संख्या में हमेशा इजाफा होता है और टोक्यो में कुल 33*




*पदक जीतने वाले फ्रांस को पेरिस में 55 पदक मिलने का अनुमान है। फ्रांस ने टोक्यो में 10 स्वर्ण पदक जीते थे और पेरिस में उसे इससे लगभग तीन गुना 28 पदक मिलने का अनुमान लगाया गया है। टोक्यो में जापान ने भी अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए 27 स्वर्ण सहित कुल 58 पदक जीते थे।*

## कोच्चि की झीलों में पूरी क्षमता से चल रहा क्रूज, पर्यटन हो रहा गुलजार

# भारत की सबसे बड़ी इलेक्ट्रिक नाव बनी 'इंद्र', चलती है सूरज की रोशनी से

मुंबई हलचल / नई दिल्ली

केरल राज्य जल परिवहन विभाग की एक और हरित पहल देश की सबसे बड़ी सोलर पावर से चलने वाली नाव 'इंद्र' के साथ काफी कामयाब साबित हुई है। यह कोच्चि की झीलों में लॉन्च होने के सिर्फ दो हफ्ते बाद ही लगभग पूरी क्षमता से चल रहा है।

100 सीटों वाला यह क्रूज जहाज खास तौर पर पर्यटकों के लिए बनाया गया है। जिसमें ऊपरी डेक पर 'खुली हुई जगह' है, जहां पर्यटक मनोरम दृश्यों का आनंद ले सकते हैं। साथ ही इसमें फूड काउंटर और जहाज पर मनोरंजन की सुविधाएं भी उपलब्ध हैं।




### सुबह 11 बजे और शाम को 4 बजे यात्रा

शुरुआत में सेवाओं को सुबह 10 बजे और दोपहर 3 बजे संचालित किया जाता था। हालांकि, मौजूदा अत्यधिक उमस की परिस्थितियों ने एसडब्ल्यूटीडी को शाम 4 बजे से शाम की यात्रा शुरू करने के लिए प्रेरित किया है। शाजी ने कहा, यह देखते हुए ज्यादा से ज्यादा ग्राहकों को सुविधा प्रदान करने के लिए सुबह की यात्रा को सुबह 11 बजे से पुनर्निर्धारित किया गया है।

### डेली कलेक्शन 18,000 रुपए के आंकड़े को छू गया

*ट्रैफिक एसपी एम सुजीत ने कहा कि डेली कलेक्शन 18,000 रुपए के आंकड़े को छू गया है, हमें एडवांस ग्रुप बुकिंग मिल रही है। 3.5 करोड़ रुपए की लागत वाली यह नाव 31 मार्च को लॉन्च की गई थी। यह रोजाना दो क्रूज ट्रिप चलती है, जिनमें से प्रत्येक 3 घंटे का होता है। सूर्यास्त की यात्रा के लिए भारी मांग है क्योंकि यह जहाज समुद्र के मुहाने तक जाने वाली कुछ पर्यटक सेवाओं में से एक है। चूंकि यह सौर ऊर्जा पर चलती है, इसलिए परिचालन लागत बहुत कम होगी। इससे भी महत्वपूर्ण बात यह है कि इसमें कार्बन या ध्वनि प्रदूषण नहीं होगा।*

### एर्नाकुलम बोट जेट्टी से शुरू

एर्नाकुलम बोट जेट्टी से शुरू होकर यह जहाज विलिंग्डन द्वीप के रास्ते बोलगट्टी पैलेस, वल्लारपदम, कंटेनर टर्मिनल, व्यापीन, कमलाकदावु और फोर्ट कोच्चि तक जाता है। टिकट की कीमत वयस्कों के लिए 300 रुपए और बच्चों के लिए 150 रुपए है। एसडब्ल्यूटीडी ने जहाज पर भोजन काउंटर सुविधा प्रदान करने के लिए कुडुंबश्री के साथ करार किया है। जहां पर्यटकों को जलपान और नाश्ता उपलब्ध कराया जाता है।

## लोकसभा चुनाव के प्रथम चरण का मतदान कल

# आठ केंद्रीय मंत्री, दो पूर्व मुख्यमंत्री और पूर्व राज्यपाल की प्रतिष्ठा दांव पर

### देश के 21 राज्यों की 102 लोकसभा सीटों पर होगा मतदान

मुंबई हलचल / नई दिल्ली

19 अप्रैल को 21 राज्यों की 102 लोकसभा सीटों पर मतदान होगा। नागपुर सीट से केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी चुनाव लड़ रहे हैं। वहीं अरुणाचल पश्चिम सीट से केंद्रीय मंत्री किरण रिजिजू चुनाव मैदान में हैं। उनका मुकाबला पूर्व मुख्यमंत्री और अरुणाचल प्रदेश कांग्रेस के वर्तमान अध्यक्ष नबाम तुकी से हैं। केंद्रीय मंत्री सर्बानंद सोनोवाल असम की डिब्रूगढ़ लोकसभा सीट से चुनाव लड़ रहे हैं। केंद्रीय पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस राज्य मंत्री रामेश्वर तेली की जगह भाजपा ने राज्यसभा सदस्य सोनोवाल को डिब्रूगढ़ से मैदान में उतारा है।

**लोकसभा चुनाव के पहले चरण का मतदान**

**19 अप्रैल को 2024 को होगा**

**1625 प्रत्याशियों की किस्मत 19 अप्रैल की शाम ईवीएम में कैद हो जाएगी**



### त्रिकोणीय मुकाबला

उत्तर प्रदेश की हाई प्रोफाइल सीट मुजफ्फनगर में इस बार मुकाबला त्रिकोणीय है। यहां से केंद्रीय मंत्री संजीव बलियान चुनाव लड़ रहे हैं। उनका मुकाबला समाजवादी पार्टी के हरेंद्र मलिक और बसपा उम्मीदवार दारा सिंह प्रजापति से है। जबकि दो बार के सांसद और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मंत्रिमंडल में मंत्री जितेंद्र सिंह जम्मू-कश्मीर की उधमपुर सीट से तीसरी बार अपनी किस्मत आजमा रहे हैं।

### अलवर और बीकानेर लोकसभा सीट

राजस्थान की अलवर सीट पर भी पहले चरण में चुनाव है। यहां से केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव चुनाव लड़ रहे हैं। उनके सामने कांग्रेस ने विधायक ललित यादव को उतारा है। 2019 में यहां से बाबा बालक नाथ ने लोकसभा का चुनाव जीता था। राजस्थान की बीकानेर संसदीय सीट से केंद्रीय कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल का मुकाबला कांग्रेस के पूर्व मंत्री गोविंद राम मेघवाल से है।

### ए राजा के सामने चुनौती

तमिलनाडु की नीलगिरी लोकसभा क्षेत्र से द्रमुक सांसद और पूर्व केंद्रीय मंत्री ए राजा चुनावी मैदान में हैं। उनका मुकाबला केंद्रीय मंत्री एल मुरुगन से है। शिवगंगा सीट पर मौजूदा सांसद कार्ति चिदंबरम का मुकाबला भाजपा के टी देवनाथन यादव और अन्नाद्रमुक के जेवियर दास से है। इसी तरहह कोयंबटूर लोकसभा क्षेत्र से तमिलनाडु भाजपा अध्यक्ष अन्नामलाई अपनी किस्मत आजमा रहे हैं। यहां उनका सामना डीएमके नेता गणपति पी. राजकुमार और एआईएडीएमके के सिंगाई रामचंद्रन से है।

**पुडुचेरी में पूर्व राज्यपाल**

पुडुचेरी में तमिलिसाई सौंदर्यराजन चेन्नई दक्षिण लोकसभा क्षेत्र से चुनाव लड़ रही हैं। जबकि पश्चिम त्रिपुरा सीट पर पूर्व सीएम बिप्लव देब और प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष आशीष कुमार साहा के बीच टक्कर देखने को मिलेगी।

### असम की इस सीट पर सबकी निगाहें

असम की जोरहाट सीट से पूर्व मुख्यमंत्री तरुण गोगोई के बेटे गौरव गोगोई चुनाव लड़ रहे हैं। 2019 में यहां से भाजपा के तपन गोगोई ने जीत हासिल की थी। मणिपुर के शिक्षा मंत्री बसंत कुमार सिंह इनर मणिपुर निर्वाचन क्षेत्र से भाजपा के उम्मीदवार हैं और उनका मुकाबला जेएनयू के प्रोफेसर और कांग्रेस उम्मीदवार बिमल अकोइजाम से है।

# पिता से कहा घर जा रहा हूं, अस्पताल से मिली लाश, सनसनीखेज मामले से हल्द्वानी शहर में हड़कंप

**हल्द्वानी।** देवलचौड़ निवासी एक युवक दुकान से स्कूटी लेकर घर के लिए निकला था, मगर बीच रास्ते से गायब हो गया। इसके बाद स्वजन ने पुलिस में गुमशुदगी दर्ज करवाई। मामला कमिश्नर कार्यालय तक पहुंचा। इस बीच पता चला कि एक लावारिस युवक अस्पताल में भर्ती है। सूचना मिलने पर पिता एसटीएच पहुंच गए। जहां से बेटे की लाश ही मिली। पुलिस फिलहाल मामले को हादसा बता रही है, लेकिन मृतक के परिवार ने हत्या की आशंका जताते हुए जांच की मांग की है। उसका कहना है कि बेटे के शरीर पर चोट के निशान हैं। इससे लगता है कि उसे मारा गया है। मूल रूप से चंपावत जिले के रैगांव निवासी 25 वर्षीय सूरज अधिकारी देवलचौड़ स्थित मानपुर पश्चिम गांव में परिवार के साथ किराए पर रहता था और निजी ट्रांसपोर्ट कंपनी में चालक था। सूरज के पिता दिलीप एसटीएच के पास खाने का ठेला लगाते हैं। 14



अप्रैल की सुबह साढ़े सात बजे वह घर जाने की बात कहकर पिता के ठेले से स्कूटी से रवाना हुआ, मगर शाम तक घर नहीं पहुंचा। जिस पर परिवार ने पुलिस में शिकायत की। कोई खास खोजबीन नहीं होने पर मंगलवार को दिलीप कमिश्नर दीपक रावत के पास मामले को लेकर पहुंचे। इसके बाद पुलिस ने बताया कि सड़क हादसे में घायल एक युवक एसटीएच में भर्ती है। इसके बाद दिलीप अस्पताल पहुंच गए, जहां गंभीर हालत में बेटे को आइसीयू में भर्ती देखा, मगर बुधवार तड़के सूरज ने दम तोड़ दिया। पिता का कहना है कि उसके बेटे की पीठ पर चोट के निशान हैं। ऐसे में आशंका है कि उसे किसी ने मारा है। मामले की निष्पक्ष जांच होनी चाहिए। दलीप का कहना है कि 13 अप्रैल की रात कार सवार कुछ युवकों ने उसके ठेले पर खासा हंगामा किया। साथ ही धमकी भी दी। जिस वजह से उसने सूरज को बुलाया था। सुबह साढ़े सात बजे बेटा घर जाने की बात कहकर निकला। लेकिन उसके बाद संदिग्ध परिस्थितियों में घायल होकर अस्पताल पहुंच गया। व

दैनिक मुंबई हलचल
अब हर सच होगा उजागर

# मानसिक तनाव को मिनटों में दूर करनेवाली थेरेपी

बिजी शेड्यूल के चलते अक्सर आप अपने खान-पान का ख्याल नहीं रख पाते है। जिसके कारण शरीर को कई तरह की परेशानीयो का सामना करना पड़ता है। खान-पान का ठीक से ख्याल न रखने पर मानसिक तनाव, अनिंद्रा, कमजोरी जैसी समस्याएं हो जाती है। ऐसे में आप इनसे छुटकारा पाने के लिए विशेषज्ञों के द्वारा अपनाई गई क्रिस्टल थेरेपी को यूज कर सकते है।

**1. क्रिस्टल का उपयोग**


यह क्रिस्टल हीट कंडक्ट करते है, जिससे शरीर में ऊर्जा पैदा होती है। थेरेपी करने के लिए आपको पारदर्शी पत्थरों या ट्रांसपेरेंट क्रिस्टल की जरुरत पड़ेगी। इन पत्थरों को शरीर के दर्द वाले हिस्से पर घुमाने से दर्द जल्दी गायब हो जाता है। शारीरिक दर्द के अलावा इससे ऐंठन, जकड़न व मानसिक तनाव की समस्या भी दूर हो जाती है।

**2. सर दर्द का कारण**

ज्यादातर सिर दर्द तनाव, मन व शरीर की थकावट, अपर्याप्त नींद, अत्यधिक शोर, जरूरत से ज्यादा सोचने के कारण होती है। इसे दूर करने के लिए आप नीलम, एम्बर या फि रोजा क्रिस्टल को सर पर रखें। इससे सिर दर्द मिनटों में ठीक हो जाएगा।

**3. नींद पूरी न होना**

एक अच्छी नींद दिमाग को तरोताजा करने और शरीर के दूसरे अंगों को आराम देने के लिए बहुत जरूरी है। क्रिस पेरेज रोज क्वार्ट्ज, सिट्रीन या नीलम जैसे क्रिस्टल को अपने तकिए के नीचे रखने से आपका मन शांत होगा और आप आराम अपनी नींद पूरी कर सकते है।



**4. कमजोरी**

इन क्रिस्टलों के अंदर रसायन-खनिज होने से शरीर को उर्जा मिलती है। रोजाना 15-20 मिनट मुंह उपर करके इसे पकड़ने से शरीर में ऊर्जा का तुरंत प्रसार होता है। जिससे कमजोरी जैसी समस्याएं दूर होती है। इसके लिए डीप रेड गार्नेट, गोल्डन एम्बर या गोल्डन-पीला पुखराज क्रिस्टल का इस्तेमाल करना चाहिए।

**5. संतुलित करना**

क्रिस्टल हीलिंग करते समय जब आप क्रिस्टल को शरीर पर रखते हैं तब कुछ क्रिस्टल शरीर पर बहुत भारी, हल्के, गरम और ठंडे महसूस होते है। जिससे पता चलता है कि शरीर के किस हिस्से में कितना असुंतलन है और उसे किस तरह से संतुलित किया जाए।

# Eyelash Extension करवाते समय ध्यान रखें ये बातें



सेलिब्रिटी की तरह स्टाइलिश और खूबसूरत कौन दिखना पसंद नहीं करेगा। हर लड़की चाहती है कि वह सेलिब्रिटीज की तरह ग्लैमरस दिखें। इसलिए अपने चेहरे की खास देखभाल करती है। हर वो फैशन ट्रेंड फॉलो करती है जो उनकी पर्सनैलिटी को निखार सकें लेकिन आज हम आई मेकअप की बात कर रहे है। अपना आई मेकअप करते समय लड़कियां नकली पलकों का इस्तेमाल करती है ताकि इससे आंखें बड़ी और अट्रैक्टिव दिखें। इन दिनों सिल्क, सिंथेटिक और मिंक स्टाइल के लैश एक्सटेंशन ज्यादा इस्तेमाल किए जा रहें। अगर आप भी एक्सटेंडेड पलके यानी आईलैश एक्सटेंशन करती है तो कुछ बातों का ध्यान जरूर रखें ताकि किसी भी तरह के इंफैक्शन से बचा जा सकें।

☞ अच्छी क्वालिटी और ब्रैंड के आईलैशेज खरीदें ताकि इससे आंखों को किसी प्रकार का कोई नुकसान न पहुंच सकें।

☞ आईलैश एक्सटेंशन खदीदने से पहले उसे ट्राई करके देंखे क्योंकि हो सकता है कि इससे आपको कोई एलर्जी या किसी तरह की परेशानी हो।

☞ हमारी आईलिड बहुत ज्यादा नाजुक होती है इसलिए बढ़िया क्वालिटी के साथ-साथ हल्के आईलैश भी खरीदें।आप मिंक आईलैशेज भी खरीद सकते है।

☞ ध्यान रखें कि आईलैशेज लगाने के करीब 24 घंटे तक आंखों पर पानी न लगने दें।अपने आईलैशेज को लंबे समय तक चलाना चाहती हैं तो नियमित टचअप करें क्योंकि उनके गिरने का खतरा बना रहता है।

☞ अगर आपको आईलैशेज की पुरी जानकारी है तो ही उसे उंतारने की कोशिश करें। नहीं तो इस काम में किसी एक्स्पर्ट की मदद जरूर लें।

☞ आईलैश एक्सटेंशन करवाते समय एक्सर्ट से अच्छी क्वालिटी की ग्लू के बारे में पूछें।सॉल्यूशन वाली ग्लू का इस्तेमाल बिलकुल ना करें।



# ऐसे करें एक्ने का जड़ से सफाया

खूबसूरत दिखने के लिए महिलाएं कई तरह के ब्यूटी प्रॉडक्ट्स का इस्तेमाल करती हैं। अगर फिर भी फेस पर पिपंल निकल आए तो चेहरा भद्दा दिखने लगता है। बहुत सी लड़कियां तो इनको दबाकर निकालने की कोशिश करती है, जिससे त्वचा पर निशान पड़ जाते है। ऐसा करने की बजाए आप इसे जड़ से खत्म करने के लिए घरेलू उपाए भी कर सकती है। आज हम आपको ऐसे ही कुछ घरेलू उपाए बताने जा रहें है जिससे एक्ने को आप जड़ से खत्म कर सकते है।

**1. टूथपेस्ट का इस्तेमाल**

टूथपेस्ट का इस्तेमाल आप दांत साफ करने के लिए करते है लेकिन इसका प्रयोग पिपंल पर भी किया जा सकता है। रात को सोने से पहले इसे मुंहासों पर लगा लें। यह मुंहासो को ठंडा करके सुखा देता है। जिससे पिपंल जल्दी ठीक हो जाता है।

**2. घरेलू उपाए**

ऑयली चेहरे पर मुंहासो की समस्या ज्यादा देखने को मिलती है। मुलतानी मिट्टी में नींबू और पुदीने के पत्तों का रस मिलाकर लगाने से चेहरे पर ऑयल कम हो जाता है। इसके अलावा फेस पर पिपंल निकल आने पर नीम और हल्दी का पेस्ट भी लगा सकते है।

**3. फेसवॉश**

अधिक ऑयल और बैक्टीरिया के कारण चेहरे पर एक्ने बनते हैं। ऐसे में चेहरे को दिन में 1-2 बार ठंडे या गुनगुने पानी से माइल्ड साबुन लगाकर धोएं। फेसवॉश यूस करते समय भी ध्यान रहे कि वो सलिसीक्लिक एसिड वाला हो। यह एंटी बैक्टीरियल होता है जो डेड स्किन को हटाने में मदद करता है।

**4. बंद पोर्स**


डेड स्किन के कारण पोर्स को बंद कर देती है जिससे एक्ने बनने में देर नहीं लगती। स्किन के बंद पोर्स को खोलने के लिए कैलेमाइन का इस्तेमाल करें। यह मॉइश्चराइजर ऑयली स्किन को डाई कर देता है जिससे एक्ने नहीं निकलते।

**5. चंदन पाउडर**

चंदन पाउडर को पिंपल पर 2-3 घंटों के लिए लगा कर चेहरे को ठंडे पानी से धो कर सूखा लें। इससे आपका चेहरा फ्रेश हो जाएगा और पिपंल भी दोबारा नहीं निकलेगा। इसके अलावा कपूर को हाथों में मसलकर पिपंल पर लगा लें और थोड़ी बाद ठंडे पानी से चेहरा को धो लें।

# स्किन और बालों के लिए बेस्ट है पुदीना

पुदीना हर रसोई में इस्तेमाल किया जाने वाला हर्ब है। इसकी खूशबू खाने का स्वाद तो बढ़ाती ही है साथ ही यह औषधिय गुणों से भी भरपूर है। फाइबर, मैग्नीशियम, कैल्शियम,आयरन,पोटाशियम और विटामिन जैसे पोषक तत्व शामिल होते हैं जो सेहत के लिए फायदेमंद हैं। पुदीने का सेवन करने से कोलेस्ट्रॉल लेवल कम होता है और हड्डियों भी मजबूती होती है। इसके एंटी बैक्टीरियल गुण सेहत के





साथ-साथ ब्यूटी के लिए भी फायदेमंद है और इससे त्वचा हर तरह के संक्रमण से बची रहती है। स्किन के अलावा पुदीना हेयर प्रॉब्लम को भी दूर करता है।

**खुले पोर्स करें बंद**

धूल-मिट्टी से चेहरे के पोर्स में गंदगी जमा होने लगती है, जिससे त्वचा पर कील,मुंहासे और रूखापन आ जाता है। पुदीना इस तरह की परेशानी के लिए सस्ता और असरदार उपाय है। यह पोर्स को टाइट करने का साथ-साथ चेहरे को फ्रैश भी रखता है। 1 टेबलस्पून पुदीने का पेस्ट, 1 टीस्पून खीरे का पेस्ट, 1 टीस्पून दही और 1 टीस्पून नींबू का रस मिलाकर पेस्ट तैयार कर लें। इसे 20 मिनट के लिए चेहरे पर लगा कर रखें।



दैनिक
मुंबई हलचल
अब हर सच होगा उजागर



# डिप्रेशन में चली गई थीं करीना कपूर

**करीना कपूर** खान ने साल 2000 में अभिषेक बच्चन के साथ अपने करियर की शुरूआत की थी। फिल्म रिफ्यूजी से डेब्यू के साथ ही करीना को फिल्मों के कई ऑफर आने शुरू हो गए। करीना ने अपने करियर में कई हिट फिल्में दीं, लेकिन आज भी उनकी सबसे यादगार फिल्म जब वी मेट है। इस फिल्म में चुलबुली गीत का किरदार निभा कर वह लोगों के दिलों पर छा गई। लेकिन हैरत की बात ये है कि इस फिल्म की सफलता करीना को डिप्रेशन की ओर ले गयी। फिल्म जब वी मेट में करीना कपूर के साथ शाहिद कपूर थे। दोनों की केमिस्ट्री दर्शकों को खूब पसंद आई और ये सुपरहिट रही। फिल्म से करीना कपूर का किरदार आज भी उनका बेस्ट रोल माना जाता है। लेकिन इसी फिल्म ने करीना को डिप्रेशन में डाल दिया। दरअसल इस फिल्म के कुछ ही महीनों बाद फिल्म टशन रिलीज हुई थी। करीना जब वी मेट और टशन की शूटिंग लगभग एक ही वक्त पर कर रही थीं। करीना के लिए फिल्म टशन बेहद खास थी। इस फिल्म के लिए उन्होंने जीरो फिगर बनाया था, जिसकी उस वक्त काफी चर्चा रही। ऐसे में करीना को ये उम्मीद थी कि टशन उनके करियर की सबसे सफल फिल्म होगी और उनका करियर को नई दिशा मिलेगी। हालांकि टशन फ्लॉप हो गई और करीना को तगड़ा झटका लगा। एक इंटरव्यू के दौरान करीना कपूर ने खुद इस बात का खुलासा किया था कि वह टशन को लेकर बहुत अधिक गंभीर थीं और उन्हें बहुत उम्मीद थी। वह जब वी मेट को लेकर उतनी आशावादी नहीं थीं। ऐसे में जब टशन फ्लॉप हो गई और जब वी मेट सुपरहिट हो गई थी, उन्हें बहुत बुरा लगा और वह 6 महीने के लिए वह डिप्रेशन में चली गईं। करीना ने कहा कि उन्हें इस बात को स्वीकारने में 6 महीने लग गए।

# आसिम रियाज-जैकलीन फर्नांडिस के म्यूजिक वीडियो से कर दिया गया था रिप्लेस

बिग बॉस 17 में नजर आईं आयेशा खान अपने म्यूजिक खाली बोतल को लेकर खबरों में बनी हुईं हैं। इस वीडियो में एक्ट्रेस के साथ उनके खास दोस्त अभिषेक कुमार नजर आ रहे हैं। हाल में अपने गाने के प्रमोशन के दौरान एक्ट्रेस ने खुलास कि कैसे कुछ साल पहले उन्हें आसिम रियाज के साथ एक म्यूजिक वीडियो से ठीक एक दिन पहले रिप्लेस कर दिया गया। रिप्लेस हुए जाने की खबर ने एक्ट्रेस का दिल तोड़ दिया था। असिम के साथ गाने के लिए आयेशा ने टी-सीरीज के उसी स्टूडियो में रिहर्सल की थी जिसमें उन्होंने हाल में अभिषेक कुमार के साथ खाली बोतल गाना शूट किया है। एक्ट्रेस ने बताया कि उन्हें आसिम रियाज के साथ म्यूजिक वीडियो में कास्ट किया गया था। इस गाने में एक्टर के साथ जैकलीन फर्नांडिस लीड रोल में थीं और वो खुद सेकंड लीड एक्ट्रेस थीं। आयेशा में आगे बताया कि इस गाने की जिस दिन शूटिंग होनी थी उस दिन उनका बोर्ड एग्जाम था इसके बावजूत वो गाने की शूटिंग के लिए तैयार हो गई थीं। उनके लिए ये बड़ा मौका था जिसे वो जाने नहीं देना चाहती थीं। गाने के रिहर्सल के लिए भी उन्होंने अपना समय दिया लेकिन शूटिंग से ठीक एक दिन पहले उन्हें दूसरी एक्ट्रेस से रिप्लेस कर दिया गया।



# अलाया की फिटनेस बनती जा रही सनसनी

**अलाया** फर्नीचरवाला एक बेहतरीन एक्ट्रेस हैं। कुछ ही फिल्मों से उन्होंने भारतीय दर्शकों के दिल में जगह बना ली है। लोगों के बीच इनकी फिटनेस की बात भी जोर-शोर से हो रही है। जो तारीफ के काबिल है और लोगों को मोटीवेट करती है। उनका वर्कआउट देखकर अच्छे-अच्छे लोगों के पसीने छूट जाएंगे। अलाया सोशल मीडिया पर अपने वर्कआउट की झलकियां शेयर करती हैं। उनकी एक्सरसाइज इतनी इंटेंस होती है कि आप करने के बारे में सोच भी नहीं सकते। कभी वो पेट पर मुक्के खाती हुई दिखती हैं तो कभी एक हाथ पर खड़ी हो जाती हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक अलाया ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर इस एक्सरसाइज का फायदा बताया था। उन्होंने लिखा था कि यह कोर मसल्स कंडीशनिंग कहलाती है जो मसल्स को ताकतवर और सहनशील बनाता है। यह अंदरुनी अंगों को टोन करता है और किसी एक्सपर्ट की गाइडेंस में ही करना चाहिए। अलाया बॉडीवेट एक्सरसाइज करती हैं। कभी वो जिम बॉल पर स्क्वैट्स करती हैं तो कभी पुलअप्स प्रैक्टिस करती हैं।



